Title: Need to formulate and implement programmes for the welfare of the weaver community in the country.

श्री फुरकान अंसारी (गोड्डा) : महोदय, बिहार राज्य में लगभग 3 लाख बुनकर बेरोजगार हो गए, इसी तरह से झारखंड राज्य में लगभग 2 लाख, उड़ीसा में लगभग 2 लाख, पश्चिम बंगाल में लगभग 2.5 लाख, उत्तर प्रदेश में लगभग 4 लाख और महाराष्ट्र में लगभग एक लाख बुनकर बेरोजगार हो गए हैं। बुनकरों के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए कार्यक्रम सुचारू रूप से नहीं चल पा रहा है, जिससे बुनकरों की दशा दिन-प्रतिदिन अत्यंत खराब होती जा रही है। हजारों बुनकर भुखमरी के कगार पर हैं। बुनकरों के शिक्षा, स्वास्थ्य लाभ, आर्थिक सहायता एवं जीवन बीमा के लिए जो कल्याण योजनाएं चलायी जा रही है, उनका समुचित लाभ बुनकरों तक नहीं पहुंच पा रहा है। बुनकरों की शिक्षा, आवास, स्वास्थ्य सेवाओं एवं जीवन बीमा का सर्वेक्षण करके कल्याणकारी योजनाओं को लागू करायें ताकि बुनकरों का आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक उत्थान हो सके।